२०२४-२०२५

शास्त्री प्रवेश परीक्षा

आदर्श प्रश्न पत्र

विषय- हिन्दी, पत्र- चतुर्थ

समयः १.०० घण्टा **सम्पूर्णाङ्क –५०**

निर्देश-
- **सभी प्रश्न अनिवार्य हैं।**
- **खण्ड 'अ', खण्ड 'ब', खण्ड 'स' एवं खण्ड 'द' से दिये गये निर्देशों के अनुसार प्रश्नों के उत्तर दीजिए।**

खण्ड-अ
(अति संक्षिप्त उत्तरीय प्रश्न)

प्रश्न - १. निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर अति संक्षेप में दीजिए- १०x१ = १०

क. हिन्दी के दो प्रसिद्ध कहानीकारों के नाम लिखिए।

ख. संज्ञा की परिभाषा लिखिए।

ग. हिन्दी की पहली कहानी का नाम लिखिए।

घ. जयशंकर प्रसाद का जन्म-स्थान बताइए।

ङ. निम्नलिखित कवियों में से 'रामचरितमानस' किसकी रचना है ?
(अ) सूरदास (ब) कबीरदास (स) नन्ददास (द) तुलसीदास

च. 'कु' और 'अनु' उपसर्गों से एक-एक शब्द बनाइए।

छ. भाषा की परिभाषा लिखिए।

ज. निम्नलिखित में से कौन-सा कवि 'राष्ट्रकवि' कहलाता है ?
(अ) जयशंकर प्रसाद (ब) मैथिलीशरण गुप्त (स) सूर्यकान्त त्रिपाठी निराला (द) महादेवी वर्मा

झ. 'विद्यालय' तथा 'परोपकार' का सन्धि-विच्छेद कीजिए।

ञ. निम्नलिखित में से 'अल्पप्राण' वर्ण कौन से हैं?
(क) अ, आ (ख) क, ग (ग) फ, भ (घ) थ, ध

खण्ड-ब
(अति लघूत्तरीय प्रश्न)

प्रश्न – २. किन्हीं पाँच प्रश्नों के उत्तर दीजिए- ५x२ = १०

क. हिन्दी के प्रथम मौलिक उपन्यास एवं उसके लेखक का नाम लिखिए।

ख. भक्तिकाल के चार प्रमुख कवियों के नाम लिखिए।

ग. स्वर की परिभाषा देते हुए स्वर एवं व्यंजन के अन्तर को स्पष्ट कीजिए।

घ. निम्नलिखित शब्दों में से किन्हीं चार को शुद्ध करके लिखिए।

अनाधिकार, आशिर्वाद, उज्वल, कवित्री, अद्विितिय, अनुकुल

ङ. जीवनी और आत्मकथा में क्या अन्तर है?

च. कफ़न एवं पूस की रात कहानी के लेखक का नाम लिखिए।

खण्ड-स

(लघूत्तरीय प्रश्न)

प्रश्न – ३. किन्हीं पाँच प्रश्नों के उत्तर दीजिए- ५x४ = २०

क. सर्वनाम की परिभाषा देते हुए उसके भेदों को स्पष्ट कीजिए।

ख. शब्द और पद के अन्तर को उदाहरण देकर स्पष्ट कीजिए।

ग. अपने मित्र को पत्र लिखिए, जिसमें उसे प्रथम श्रेणी में उत्तीर्ण होने के लिए बधाई दी गयी हो।

घ. 'प्रेमचन्द हिन्दी कथा साहित्य के सम्राट हैं' इस कथन की समीक्षा कीजिए।

ङ. तुलसीदास का साहित्यिक परिचय दीजिए।

च. मैथिलीशरण गुप्त की काव्यगत विशेषताओं पर प्रकाश डालिए।

छ. निम्नलिखित वाक्यों को शुद्ध करके लिखिए-

अ. मुझे भारी दुःख हुआ।

ब. मैंने आज अयोध्या जाना है।

स. मैं गाने की कसरत कर रहा हूँ।

द. एक गाय, दो घोड़े और एक बकरी मैदान में चर रहे हैं।

खण्ड-द

(दीर्घ उत्तरीय प्रश्न)

प्रश्न – ४. किसी एक प्रश्न का उत्तर दीजिए- १x१० = १०

क. हिन्दी कहानी के उद्भव एवं विकास पर प्रकाश डालिए।

ख. 'साहित्य समाज का दर्पण है', इस कथन की समीक्षा कीजिए।

ग. राष्ट्रभाषा हिन्दी की समस्याएँ एवं समाधान पर समीक्षात्मक टिप्पणी लिखिए।

****